# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 05/02/2025**

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -365/2025
5 फरवरी 2025
बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
==================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के प्रयासों का नतीजा है कि उद्यमियों/ निवेशकों द्वारा झारखंड में 26 हज़ार करोड़  रुपये से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। इस निवेश से  15 हज़ार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
==================

◆  बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट- 2025 के तहत  आयोजित "एडवांटेज झारखंड " कार्यक्रम में निवेश का प्रस्ताव दे चुके निवेशकों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उद्यम स्थापित करने की योजना की विस्तार से दी जानकारी
==================

◆ मुख्यमंत्री ने निवेशकों/ उद्यमियों को दिया भरोसा, सरकार झारखंड में उद्यम लगाने वालों को हरसंभव करेगी सहयोग
==================

● राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से  बढ़ रहे हैं आगे

● निवेशकों के निवेश से जुड़े इश्यूज का होगा समाधान

● सभी के सहयोग से झारखंड में विकास को दे रहे हैं गति

## श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड






मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के प्रयासों का परिणाम है कि झारखंड "इन्वेस्टर्स हब" बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है ।इस सिलसिले में उद्यमियों/ निवेशकों द्वारा झारखंड में 26 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। इस निवेश से 15 हज़ार से ज्यादा रोजगार सृजित होगा। विदित हो कि निवेश का प्रस्ताव दे चुके इन निवेशकों ने बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता में शुरू हुए दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट- 2025 के तहत आयोजित *"एडवांटेज झारखंड" में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उद्यम स्थापित करने की योजना की विस्तार से जानकारी दी। विदित हो कि इन निवेशकों में से कई ने नए उद्यम लगाने तो कुछ उद्यमियों ने यहां पहले से स्थापित अपने उद्योगों के विस्तार के प्लान से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा देते हुए कहा कि सरकार झारखंड में उद्यम लगाने वालों को हर संभव सहयोग करेगी।

## आप निवेश करें, समस्याओं का समाधान सरकार करेगी






मुख्यमंत्री के समक्ष निवेशकों ने निवेश को लेकर जमीन अधिग्रहण के साथ आ रही अन्य परेशानियों और समस्याओं को रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य में उद्यम स्थापित करने की दिशा में आपने जो इश्यूज रखे हैं, उसे सरकार संज्ञान में लेकर उसका निराकरण करेगी। हमारी सरकार राज्य में

निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक ऐसी नीति और योजना के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें निवेशकों के साथ आम लोगों को भी फायदा होगा। हमारा प्रयास वैसे उद्योगों को बढ़ावा देना है, जिससे ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन हो। इस राज्य में निवेश करने के लिए आगे बढ़ें, हमारी सरकार आपको सहयोग करेगी।

**आपको हमारा साथ चाहिए, हमें आपका साथ चाहिए**

मुख्यमंत्री ने निवेशकों से कहा कि झारखंड अपार संभावनाओं वाला राज्य है । खनिज संसाधनों की प्रचुरता के साथ कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां निवेश किया जा सकता है। इसके लिए जिस तरह आपको हमारा साथ चाहिए, वैसे ही हमें आपका साथ चाहिए। सभी के सहयोग से झारखंड में विकास को गति दे सकते हैं।

**इन उद्यमियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष निवेश का दिया प्रस्ताव**

1 एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड से आयरन एंड स्टील उद्योग के लिए 8485 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। इससे 1400 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और 3000 से ज्यादा लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

2- द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट लिमिटेड ने स्टील और वायर उद्योग लगाने हेतु 1270 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दे चुकी है। इससे 600 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

3- गजानन फेरो प्राइवेट लिमिटेड ने 1050 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव रखा है। इससे 900 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा ।

4- एस एम स्टील एंड पावर लिमिटेड ने पावर जेनरेशन के क्षेत्र में 2800 करोड़ रुपए का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। इससे 1600 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

5- वॉल्टेक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड ने विशेष स्टील प्लांट लगाने के लिए लगभग 4000 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दे चुकी है। इस प्लांट के लगने से 2000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

6- रामकृष्णा फोरगिन्स लिमिटेड में फेब्रिकेशन, ग्रे, एसजी और एडीआई कास्टिंग प्लांट के लिए लगभग 313 करोड़ रुपए से अधिक निवेश का प्रस्ताव दे चुकी है। इससे 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

7- बीएमडब्ल्यू इंडस्टरीज लिमिटेड ने कोल्ड रोलिंग मिल प्लांट के लिए लगभग 1100 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस निवेश से 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

8- रश्मि मेटलिक्स लिमिटेड ने इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के लिए 3800 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इससे 3000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

9- सुप्रीम मेटल एक्सपोर्ट लिमिटेड ने रोल्ड स्टील प्लांट लगाने के लिए 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रस्ताव दे चुकी है। इससे 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

10- एसकेवाई कॉर्प ने मुख्यमंत्री को झारखंड में लेदर से जुड़े उत्पादों के निर्माण हेतु 400 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव दिया। इस निवेश से 1000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे झारखंड के लेदर उद्योग में एक नई क्रांति आएगी।

11- टैक्सटाइल एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड तथा बंगाल में टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े उद्यमियों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर झारखंड में निवेश की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि झारखंड में टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश की काफी संभावनाएं हैं । मुख्यमंत्री ने उन्हें कहा कि राज्य में टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ाना देने के लिए सरकार जल्द ही नई पालिसी लेकर आएगी।

**मुख्यमंत्री ने झारखंड पवेलियन का किया उद्घाटन**

मुख्यमंत्री ने बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट- 2025 के तहत लगे झारखंड पवेलियन का उद्घाटन किया। इस पवेलियन में झारखंड के विभिन्न सेक्टरों के द्वारा स्टाल लगाए गए हैं।

**इस अवसर पर विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, सचिव श्री मनोज कुमार, सचिव श्री जितेंद्र सिंह और सचिव श्रीमती विप्रा भाल समेत कई अधिकारी मौजूद थे।**

**============**

**#TeamPRD(CMO)**